## खबर संक्षेप

### बिछिया में बालक आश्रम व छात्रावास का निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश



**मण्डला।** शंकर शाह, रघुनाथ शाह शासकीय बालक आश्रम एवं सीनियर बालक छात्रावास रामनगर का निरीक्षण जनजातीय कार्य विभाग अधिकारी श्री विष्णु सिंगोर द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं, छात्रों की उपस्थिति एवं शैक्षणिक स्तर का जायजा लेकर बालक आश्रम में कक्षा 3 के छात्रों से अंग्रेजी एवं गणित विषय में सामान्य शैक्षणिक संवाद किया। इस दौरान छात्रों का गणित एवं अंग्रेजी विषय में शैक्षणिक स्तर अपेक्षाकृत कमजोर पाया गया। इस पर कक्षा शिक्षिका को विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भृत्य श्री संजय कुंजाम 6 अप्रैल से बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित मिले। उन्हें जिला कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। वहीं, सीनियर बालक छात्रावास रामनगर में छात्रों की उपस्थिति कम पाई गई। अधीक्षक को छात्रावास भवन की पुताई कराने, सूचना पटल में वरिष्ठ अधिकारियों के नाम एवं मोबाइल नंबर अपडेट करने, साथ ही स्नान कक्ष, शौचालय, रसोईघर एवं भंडार कक्ष की साफ-सफाई एवं आवश्यक मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, किए गए कार्यों का पालन प्रतिवेदन जिला कार्यालय को भेजने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान समस्त व्यवस्थाओं को शीघ्र दुरुस्त करने पर विशेष जोर दिया गया।

### जल गंगा संवर्धन अभियानः जवैधा माल में पेयजल स्त्रोतों की सफाई, ग्रामीणों ने किया श्रमदान

**मण्डला।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था आदिवासी जनकल्याण विकास संस्थान द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम जवैधा माल में पेयजल स्त्रोतों की साफ-सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान जल स्त्रोतों के आसपास जमा कचरा-गंदगी हटाकर स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया गया। अभियान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्यों और स्कूली बच्चों ने उत्साह से भाग लिया।

## जनसुनवाई में दिया आवेदन, गंभीर जांच की उठी मांग

# पुलिस पर फर्जी कार्यवाही के लगाये आरोप

*** गवाह को लेकर भी हो रही है तरह-तरह की बातें।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला







जब से आबकारी के नये ठेके हुये हैं एवं जिले में नये कलेक्टर के आगमन के बाद रेत, शराब आदि की धरपकड़ तेज हो गई है विभाग के अधिकारी, कर्मचारी रोजाना 2-4 प्रकरण छापामारी एवं जप्ती के विज्ञप्ति के माध्यम से मीडिया तक पहुंचा रहे हैं निश्चित रूप से इसके पीछे मंशा अपने आपको पाक साफ दिखाने की है जबकि हकीकत जिले के लोग अच्छी तरह से जानते हैं कि कैसें नर्मदा तट पर शराब के विक्रय एवं परिवहन पर प्रतिबंध के बावजूद खुलेआम गली-गली और गांव-गांव शराब बिक रही है पकड़ी तो वह शराब जाती है जो कि पुलिस से एवं आबकारी विभाग से छुपाकर परिवहन की जा रही हो।

जैसे ही शराब के ठेके बदले निश्चित रूप से जो पहले अनुबंध रहे होंगे वे अब बदलेंगे और यही कारण है कि दबिश एवं जप्ती जैसी कार्यवाहियाँ अधिक हो रही हैं।

### पकड़े कहीं बता कहीं और रहे

विगत 14 अप्रैल को सिटी कोतवाली द्वारा एक सेन्ट्रो कार को घेराबंदी कर जेलघाट के समीप पकड़ा गया इस कार में 87 लीटर अवैध शराब थी उसे जप्त किया गया और 02 आरोपियों को भी साथ में पकड़ा गया जप्त की गई शराब की कीमत 39 हजार बताई गई एवं सेन्ट्रो कार की कीमत लगभग 02 लाख रूपये आंकी गई मौके से पुलिस ने 02 आरोपियों राजा उर्फ राजेश कुमार एवं सुकरत मार्को को पकड़ा इनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

मामले में नया पेंच तब सामने आया जब सीसीटीव्ही के फुटेज सोशल मीडिया में सार्वजनिक किये गये जिसमें इस सेन्ट्रो कार को एवं आरोपियों को कहीं और से पकड़ा गया और उन्हें लगभग 40 से 50 मिनिट के बाद जेलघाट में घेराबंदी करके पकड़ना बताया गया।

उक्त कार को नेशनल हाइवे 30 में कॉलेज रोड के आगे आमानाला बाईपास में स्थित ढाबे के सामने 14 अप्रैल को दिन में 11:15 बजे पकडा गया और गाड़ी में से 02 युवकों को निकालकर दूसरी गाड़ी में बैठाया गया जो कि वहां लगे सीसीटीव्ही कैमरे में स्पष्ट नजर आ रहा है जिसमें तारीख भी स्पष्ट है और समय भी। इसके बाद दोनों युवको को सेन्ट्रो कार के साथ नजदीक ही स्थित बालाजी हॉटल एण्ड लॉन के समीप ले जाया गया और फिर इसके बाद लगभग 45 से 50 मिनिट उपरांत दोनों युवकों को शहर के रास्ते होते हुये जेलघाट तक ले जाया गया जहां घेराबंदी कर सेन्ट्रो कार पकड़ने की बात कही गई और दोनों युवकों को वहीं से पकड़ना बताया गया एवं सेन्ट्रो कार में लगभग 57 लीटर शराब मिलने की बात कही गई और मामला दर्ज किया गया।





### लगभग 1 से 2 घंटे क्या घटित हुआ

पुलिस के अनुसार सेन्ट्रो कार को 14 अप्रैल को अपरान्ह 01 बजे जेलघाट के समीप घेराबंदी कर पकड़ा गया और सीसीटीव्ही कैमरे जो दिखा रहे हैं उसके अनुसार दोनों युवकों को लगभग 11:15 पर आमानाला बाईपास में दबिश देकर पकड़ा गया जब आमानाला बाईपास में सेन्ट्रो कार को एवं युवकों को पकड़ा गया तो फिर एक से डेढ़ घंटे बाद उन्हें कहीं और से पकड़ना बताकर आखिर पुलिस क्या छुपाना चाह रही है। आरोपियों का कहना है कि उनकी गाड़ी में किसी तरह की कोई शराब नहीं थी जब उन्हें पकड़कर ले जाया गया और सेन्ट्रो कार किसी और के पास थी इस दौरान ही कार में शराब रखी गई और मामला कायम किया गया।

अब जबकि मामला जनसुनवाई के माध्यम से कलेक्टर मण्डला को सौंपा गया है देखना होगा क्या गंभीर कार्यवाही होती है और वास्तविकता क्या है कौन सही बोल रहा है और कौन गलत है यह तो गंभीर जांच के उपरांत स्पष्ट होगा।

# निर्माण कार्यों में नहीं चलेगी लापरवाही



*** कलेक्टर के सख्त निर्देश, गुणवत्ता और समय-सीमा पर जोर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत जिले में संचालित कार्यों की प्रगति को लेकर कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने विभागीय समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्माण एवं मरम्मत कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं।

बैठक के दौरान वर्ष 2026-27 में प्रस्तावित कार्यों सहित वर्तमान में प्रचलित निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री धोटे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक नए कार्य के लिए स्पष्ट समय-सीमा तय की जाए और उसका नियमित फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो।

उन्होंने मरम्मत कार्यों को निरंतर जारी रखने पर जोर देते हुए कहा कि अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट कर कार्यों का भौतिक सत्यापन करें। साथ ही, लंबित निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर श्री धोटे ने विशेष रूप से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि उपयोग में लाई जा रही सामग्री का नियमित परीक्षण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्ता परीक्षण उपरांत विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया जाए।

पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री धोटे ने रैंडम सैंपलिंग के माध्यम से कार्यों की जांच करने तथा प्रत्येक निरीक्षण के बाद निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर श्री धोटे ने स्पष्ट किया कि कार्यों में लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि तय मानकों का पालन करते हुए ही कार्य संपादित किए जाएं, ताकि आमजन को बेहतर और टिकाऊ आधारभूत सुविधाएं मिल सकें।

## पांच नाबालिक बालिकाओं की सकुशल किया गया दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला




थाना बिछिया क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामों से नाबालिक बालिकाओं के गुम होने संबंधी प्राप्त रिपोर्टों पर थाना बिछिया में धारा 137(2) भा.न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए। फरियादियों द्वारा रिपोर्ट में उल्लेख किया गया कि उनकी नाबालिक बालिकाओं को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाया गया है। प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के निर्देशन में थाना प्रभारी बिछिया निरीक्षक रंजीत सिंह सैयाम द्वारा विशेष टीमों का गठन कर गुमशुदा बालिकाओं की पतासाजी प्रारंभ की गई। प्रारंभिक स्तर पर स्थानीय स्तर पर सघन खोजबीन की गई, किन्तु कोई ठोस सुराग प्राप्त नहीं होने पर साक्ष्यों के संकलन हेतु तकनीकी सहायता ली गई। प्राप्त लोकेशन के आधार पर पुलिस टीमों को इडुक्की (केरल) एवं अहमदाबाद (गुजरात) रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा समन्वित एवं त्वरित कार्यवाही करते हुए इडुक्की, केरल से तीन एवं अहमदाबाद, गुजरात से एक नाबालिक बालिका को सकुशल दस्तयाब किया गया। एक अन्य प्रकरण में थाना मोहगांव पुलिस टीम द्वारा भी केरल राज्य से एक नाबालिक बालिका को सकुशल दस्तयाब किया गया। इस प्रकार कुल 05 नाबालिक बालिकाएं (केरल से 04 एवं गुजरात से 01) को सकुशल दस्तयाब किया गया। दस्तयाब की गई सभी बालिकाओं को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही उपरांत उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही "ऑपरेशन मुस्कान" अभियान के अंतर्गत की गई, जिसके तहत गुमशुदा बच्चों की तलाश एवं सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की जाती है। कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक सुरेश विजयवार, सहायक उपनिरीक्षक राजेश यादव, आरक्षक गजरुप उद्दे, आरक्षक अजय झारिया एवं सायबर सेल के आरक्षक सूर्यकांत बघेले की सराहनीय भूमिका रही।

## बाल विवाह की शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई

**मण्डला।** बाल विवाह प्रतिषेध कंट्रोल रूम में प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में शिकायतें दर्ज हुईं, जिन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी एवं पुलिस थानों को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही बाल विकास विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और विवाह स्थलों पर बालिका के माता-पिता एवं परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की एवं 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कि कानूनन प्रतिबंधित है। बाल विवाह करने, करवाने या उसमें शामिल होने पर 1 लाख रुपये तक का जुर्माना और 2 वर्ष तक का कारावास या दोनों का प्रावधान है। साथ ही, लड़के पक्ष को भी दूरभाष के माध्यम से बाल विवाह न करने के लिए समझाइश दी गई। प्रशासनिक टीम ने विवाह समारोह में उपस्थित लोगों को भी बाल विवाह न करने और इसमें भाग न लेने के लिए जागरूक किया। समझाइश के बाद बालक-बालिका के अभिभावकों ने बाल विवाह न करने की सहमति दी। मौके पर पंचनामा तैयार कर सभी संबंधितों की सहमति दर्ज की गई।

**प्रतियोगिता** | **अंडर-20 फुटबॉल टूर्नामेंट 2026 में डी.एफ.ए. मंडला टीम बनी उपविजेता।**

# जिले के फुटबॉल खिलाड़ियों ने लहराया परचम

*** पेनाल्टी शूटआउट में हुआ खिताब का फैसला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला




मप्र फुटबॉल एसोसिएशन के द्वारा अंडर-20 बालक राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगता का आयोजन 12 अप्रैल 2026 से 19 अप्रैल 2026 तक इंदौर के नेहरू स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगता में मध्य प्रदेश के 16 जिले की टीमो ने भाग लिया।

फुटबॉल कोच-पंकज उसराठे ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लीग मैचों में मंडला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी लीग मैच में जीत दर्ज की।

मण्डला का पहला मैच 12 अप्रैल को डीएफए शहडोल के विरुद्ध हुआ जिसमें मण्डला बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए को दो गोल से जीत दर्ज की। मण्डला का दूसरा मैच 14 अप्रैल को डीएफए बालाघाट के विरूद्ध पांच गोल से जीत दर्ज की।तीसरा मैच 16 अप्रैल को डीएफए सीहोर को चार गोल से मात देकर अपने ग्रुप के प्वाइंट टेबल में सबसे ऊपर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।



18 अप्रैल 2026 को सेमीफाइनल मैच डी.एफ.ए. मंडला व डीएफए जबलपुर के बीच खेला गया। इस संघर्षपूर्ण और रोमांचक मैच में मंडला ने जबलपुर को कड़े संघर्ष के बाद एक के मुकाबले दो गोल से शिकस्त दी। इस जीत के साथ मण्डला की टीम ने फाइनल में प्रवेश कर इतिहास बन दिया। अब डीएफए मण्डला खिताब से महज एक कदम दूर था। अंडर-20 बालक राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगता का फाइनल 19 अप्रैल 2026 को डीएफए मंडला व डीएफए इंदौर के बीच खेला गया। इस कड़े मुकाबले में निर्धारित समय तक दोनों ही टीम एक दूसरे पर गोल करने में कामयाब नही हुई। मैच का निर्णय पेनल्टी किक के द्वारा किया गया। पेनल्टी शूट आउट में इंदौर की टीम 3 के मुकाबले 5 गोल से खिताबी जीत दर्ज की। फाइनल जीत कर भले ही इंदौर की टीम चैंपियन बनी हो लेकिन मंडला की टीम ने दर्शकों का दिल जीत लिया। मंडला टीम के प्रदर्शन को दर्शकों ने खूब सराहा। टीम के शानदार प्रदर्शन की बदौलत डीएफए मंडला के 10 खिलाड़ियों का चयन अंडर-20 मध्यप्रदेश नेशनल कैम्प के लिये किया गया। खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के लिये ज़िला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ. दिलीप शर्मा, जिला खेल अधिकारी विकास खरड़कर, अनिल सोनी, प्रिया नाडकर्णी, संघ के सदस्य राजेश पाठक, भीष्म द्विवेदी, वेद प्रकाश कुलस्ते, सत्य नारायण अग्रवाल, पप्पू शर्मा, सुनील सराफ, चंद्रेश खरे, मतीन ख़ान, दिग्विजय सिंह, शैलेश दुबे, पुरूषोत्तम उसराठे, अभिनव जैन, सैयद जावेद अली, समीर बाजपेयी, अमित अग्रवाल, डॉ. आकाश खत्री, सोना दुबे, त्रिलोक डोगरे, कुशल भवेदी, राजीव धुर्वे, प्रशांत सांडिया, मुसवी हसन, पवन नंदा, देवेंद्र सरोते एवं समस्त सदस्यों व सभी खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएँ प्रेषित की व उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।



खबर संक्षेप

## सुभाष ठाकुर को मिली पीएचडी की उपाधि



अमरपुर। मेकलसुता महाविद्यालय डिंडौरी के सहायक प्राध्यापक सुभाष ठाकुर को उनके शोध कार्य "हायर सेकेण्डरी के छात्र एवं छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव" शीर्षक पर सरकार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट के शिक्षा संकाय से डॉ. सुनील कुमार जैन के निर्देशन में पूरा किया हैं। आप ग्राम पंचायत रामगढ़ विकासखंड अमरपुर निवासी ताम सिंह ठाकुर एवं श्रीमती नरबदिया ठाकुर के सुपुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उनके बड़े भ्राता पुरूषोत्तम ठाकुर एवं महाविद्यालय के संचालक इंजी. अनुराग बिलैया, रजिस्ट्रार डॉ. प्रदीप द्विवेदी, प्राचार्य डॉ. बीएल द्विवेदी, उपप्राचार्य डॉ. बालस्वरूप द्विवेदी, डॉ. निरंजन सिंह पटेल, धर्मपत्नी डॉ. वंदना ठाकुर सहित परिजनों, इष्ट मित्रों, शुभचिंतकों द्वारा उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी गई हैं।

## मोटर साईकल चोर को बिजुरी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा

हरिभूमि न्यज बिजुरी। पुलिस द्वारा बिजुरी बाजार से मोटर सायकल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया। फरियादी कैलाश सोनी पिता स्व. रामविशाल सोनी उम्र 56 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 12 सब्जी मंडी ग्राउण्ड के पास बिजुरी का उपस्थित थाना आकर जुवानी रिपोर्ट लेख कराया कि मैं 26 मार्च को करीब 03.00 बजे दोपहर अपनी मोटर सायकल हीरो पेशन प्रो पुरानी इस्तेमाली कीमती करीब 60000 रुपये को अपने घर के सामने रोड पर खडी कर अन्दर चला गया था कुछ समय बाद घर से बाहर आकर देखा तो मेरी मोटर सायकल घर के बाहर नही खडी थी लगता है कि मेरी मोटर सायकल को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर के ले गया है। मिलने पर मैं अपनी गाडी को पहचान लुंगा। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्र. 134/26 धारा 303(2) बीएनएस का कायम कर अनुंसधान में लिया गया। दौरान विवेचना चोरी गई मोटर सायकल एवं आरोपी की पता तलास की गई जो मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बिजुरी से कोरजा तरफ हीरो मोटर सायकल से जा रहा है जो संदिग्ध लग रहा है जिसे पुलिस के द्वारा घेराबंधी कर पकड कर पूछताछ की गई तो आरोपी द्वारा अपना देवेन्द्र उर्फ पींटू पिता मुन्ना प्रधान उम्र 24 वर्ष निवासी बेलिया छोट का होना बताया एवं उक्त मोटर सायकल 26 मार्च को सब्जी मंडी बिजुरी से चोरी करना बताया, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेएमएफसी न्यायालय कोतमा पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विकास सिंह, सउनि उदय प्रजापति, आर मनोज उपाध्याय, आर. लक्ष्मण डांगी की विशेष उल्लेखनीय भूमिका रही।

## जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत 16 अप्रैल से स्वगणना प्रारंभ

अनूपपुर। जिले में राष्ट्रीय जनगणना-2027 के प्रथम चरण का औपचारिक शुभारंभ 16 अप्रैल से हो चुका है। इस बार की जनगणना प्रक्रिया को पूरी तरह 'हाई-टेक' और पारदर्शी बनाते हुए शासन ने नागरिकों के लिए 'स्व-गणना की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई है। इस क्रांतिकारी पहल के माध्यम से अब जिले के निवासी घर बैठे अपने मोबाइल, लैपटॉप या कंप्यूटर के जरिए स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सीधे तौर पर सहभागिता कर सकेंगे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जनगणना केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया मात्र नहीं है, बल्कि यह देश और जिले के उज्जवल भविष्य का आधार स्तंभ है। नागरिकों द्वारा दी गई एक-एक सटीक जानकारी आने वाले समय में जिले के स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और अधोसंरचना के विकास की ठोस योजनाएं बनाने में आधार का काम करेगी। उन्होंने कहा कि नागरिक इस राष्ट्रीय अभियान को अपनी जिम्मेदारी समझें और इसमें सक्रिय भागीदारी निभाएं।


स्व-गणना की सुविधा से न केवल नागरिकों के समय की बचत होगी, बल्कि डेटा की शुद्धता भी सुनिश्चित होगी। इस प्रक्रिया के बाद नागरिकों को प्रगणक के घर आने का इंतजार करने की अनिवार्यता नहीं रहेगी। कलेक्टर श्री पंचोली ने जिले के युवाओं और शिक्षित वर्ग से विशेष आग्रह किया है कि वे स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करने के साथ-साथ अपने आसपास के बुजुर्गों और तकनीकी रूप से कम दक्ष लोगों को भी इस डिजिटल प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करें।

टेंडर प्रक्रिया और वित्तीय अनियमितताओं पर गंभीर सवाल

# नगर परिषद शहपुरा पर करोड़ों के घोटाले के आरोप, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज शहपुरा।



नगर परिषद शहपुरा इन दिनों कथित भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों को लेकर चर्चा में है। कलेक्टर को सौंपे गए एक विस्तृत आवेदन में परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपयंत्री और ठेकेदारों पर मिलीभगत कर करोड़ों रुपये के घोटाले को अंजाम देने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने शासकीय धन के दुरुपयोग नियमों की अनदेखी और विकास कार्यों में व्यापक अनियमितताओं के पुख्ता प्रमाण होने का दावा किया है।

### महंगी खरीदी और स्वागत द्वार निर्माण में गड़बड़ी

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विभिन्न कार्यों में उपयोग की गई सामग्री बाजार दर से कई गुना अधिक कीमत पर खरीदी गई जिससे शासन को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा। इसे सुनियोजित तरीके से कमीशनखोरी का मामला बताया गया है।नगर में बनाए गए स्वागत द्वारों को लेकर भी सवाल उठे हैं। आरोप है कि इनका निर्माण बिना वैधानिक टेंडर प्रक्रिया के कराया गया और लागत को वास्तविक मूल्य से अधिक दर्शाया गया। स्थानीय स्तर पर पारदर्शिता के अभाव की बात सामने आई है।साइन बोर्ड की खरीदी में भी अनियमितता का आरोप लगाया गया है। बिना टेंडर प्रक्रिया के उच्च दरों पर सामग्री खरीदे जाने से सार्वजनिक धन के दुरुपयोग की आशंका जताई गई है।मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत निर्मित सीसी सड़कों की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हुए हैं। कई स्थानों पर सड़कें निर्माण के कुछ समय बाद ही क्षतिग्रस्त हो गईं जिससे निर्माण की गुणवत्ता और माप पुस्तिका में दर्ज विवरण पर संदेह व्यक्त किया जा रहा है।

### चन्नी तालाब सौंदर्यीकरण और पेयजल व्यवस्था पर सवाल

अमृत 2 योजना के तहत वार्ड क्रमांक 13 स्थित चन्नी तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य पर खर्च के बावजूद काम अधूरा बताया गया है। स्थल पर गंदगी अधूरी संरचना और जल निकासी की समस्या प्रशासनिक लापरवाही की ओर संकेत करती है।पेयजल व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। लगभग 14 करोड़ रुपये की पाइपलाइन परियोजना के बावजूद नगर के कई वार्डों में अब तक नियमित जल आपूर्ति नहीं हो सकी है जिससे नागरिकों में असंतोष है।शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों की मरम्मत के नाम पर दोबारा भुगतान लिया गया जबकि संबंधित सड़कें पहले ही अन्य योजनाओं में निर्मित हो चुकी थीं।नगरवासियों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच तकनीकी परीक्षण और वित्तीय ऑडिट कराने की मांग की है। साथ ही दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई और शासकीय राशि की वसूली की मांग उठाई गई है।शिकायतकर्ता ने चेतावनी दी है कि समय पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में मामला लोकायुक्त आर्थिक अपराध अन्वेषण एजेंसियों और उच्च न्यायालय तक ले जाया जाएगा।




नियम बदलने का हवाला देकर जांच से इनकार

# जिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी पर रोक

डिंडौरी। जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर लापरवाही के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। मरीजों और उनके परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में समय पर डॉक्टर उपलब्ध नहीं रहते और व्यवहार भी संतोषजनक नहीं है। साफ सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं में भी कमियां बनी हुई हैं।इसी बीच गर्भवती महिलाओं की जांच को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पहले जिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की तीन चरणों में सोनोग्राफी की जाती थी। पहली तीन माह में दूसरी छह माह में और तीसरी नौवें महीने में ताकि प्रसव से पहले किसी भी जटिलता का समय पर पता लगाया जा सके।अब अस्पताल में पदस्थ डॉक्टरों द्वारा यह कहकर सोनोग्राफी करने से मना किया जा रहा है कि नियम बदल गए हैं और केवल एक बार ही जांच की जाएगी। कई मामलों में गर्भवती महिलाओं को बाहर निजी केंद्र में जाकर सोनोग्राफी कराने की सलाह देकर लौटा दिया जा रहा है।स्थिति यह है कि जिन महिलाओं को पहले नौवें महीने में जांच के लिए बुलाया गया था उन्हें अब यह कहकर मना किया जा रहा है कि उनकी जांच पहले ही हो चुकी है। इससे महिलाओं में चिंता का माहौल है क्योंकि उन्हें यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि प्रसव सामान्य होगा या किसी प्रकार की जटिलता आ सकती है। इससे प्रसव के समय जोखिम बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है।मामले को लेकर जिला अस्पताल के सीएमएचओ से चर्चा की गई तो उन्होंने स्पष्ट जानकारी देने के बजाय आरटीआई लगाने की सलाह दी। उनके इस जवाब से स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय महिलाओं का कहना है कि इस तरह की लापरवाही बेहद चिंताजनक है और प्रशासन को तत्काल संज्ञान लेकर व्यवस्था में सुधार करना चाहिए।

# जनसुनवाई में उठे जनसमस्याओं के मुद्दे 63 आवेदनों के शीघ्र निराकरण के निर्देश



डिंडौरी। कलेक्ट्रेट सभागार डिंडौरी में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले भर से आए नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 63 आवेदन प्राप्त हुए जिन पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी अपर कलेक्टर जे पी यादव एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिक तहसीलदार शशांक शेंडे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में विभिन्न ग्रामों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान आवास पेयजल पेंशन भर्ती प्रक्रिया और पोषण आहार से जुड़ी कई शिकायतें सामने आईं।ग्राम बीजापुरी निवासी कृष्ण कुमार मरावी ने प्रधानमंत्री आवास योजना की अंतिम किस्त एक वर्ष से न मिलने की शिकायत की। कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत को जांच कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।धनुवासागर निवासी 68 वर्षीय वाईया बाई ने छह माह से वृद्धा पेंशन नहीं मिलने की शिकायत करते हुए भुगतान की मांग की। जांच में पाया गया कि केवाईसी करते ही पेंशन नियमित रूप से खाते में जमा हो रही है। कलेक्टर ने जिले के सभी हितग्राहियों से अपील की कि पेंशन प्राप्त करने के लिए बैंक में जाकर केवाईसी अवश्य कराएं ताकि समस्याओं का समाधान हो सके।

ग्राम पंचायत केवलारदर अंतर्गत दादर घुघरी के ग्रामीणों ने पेयजल संकट को लेकर आवेदन दिया। वर्ष 2025 में बिछाई गई पाइपलाइन बंद होने से ग्रामीणों को झिरिया और बावली से पानी लाना पड़ रहा है। सरईटोला बीच टोला और कुदरू ददराटोला में हैंडपंप स्थापित करने की मांग की गई जिस पर कलेक्टर ने पीएचई विभाग को समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।ग्राम देवरी की रेवती ठाकुर ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चयन प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।बैगा जनजाति की महिलाओं ने जनवरी 2025 से पोषण आहार की राशि न मिलने की शिकायत की जिस पर कलेक्टर ने महिला और बाल विकास अधिकारी को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को जांच कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का समय सीमा में समाधान किया जाए और प्रत्येक प्रकरण में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखी जाए।

# समनापुर में BSW और MSW अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का भव्य विदाई एवं वार्षिकोत्सव संपन्न



डिंडौरी। डिंडौरी में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम से संबद्ध महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय सतना और मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत अध्ययनरत **BSW** और **MSW** अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह और वार्षिकोत्सव का आयोजन आजीविका भवन समनापुर में हर्षोल्लास के साथ किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य हेमबती राजपूत समाजसेवी भारत सिंह राजपूत जिला समन्वयक धर्मेन्द्र चौहान और विकास खंड समन्वयक मंजूलता राव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने शिक्षा और संस्कार के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में सीएमसीएलडीपी से शिवकुमार ठाकुर दिलीप बर्मन शिशु बड़गैया डाली पनरिया सहित नावांकुर संस्था के प्रतिनिधि रामकुमार मरकाम सूरज ताम्रकार दीपक वर्मे वेदप्रकाश यादव और परशराम ठाकुर की उपस्थिति रही। बड़ी संख्या में **BSW** और **MSW** के छात्र छात्राएं भी शामिल हुए।समारोह के दौरान छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं जिनमें नृत्य गायन और गीतों ने सभी का मन मोह लिया और कार्यक्रम को आकर्षक बनाया।विशेष रूप से **MSW** अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। यह क्षण विद्यार्थियों के लिए भावुक और गर्वपूर्ण रहा। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए संस्थान और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए समाज सेवा के क्षेत्र में ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक होते हैं और उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है।कार्यक्रम के सफल आयोजन में यश नामदेव पूजा बर्मन दिनेश कुमार भुवनेश्वर सिंह और राधिका पड़वार का विशेष योगदान रहा। संचालन और व्यवस्थाएं सराहनीय रहीं।अंत में सभी विद्यार्थियों को उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गईं। यह समारोह विद्यार्थियों के लिए यादगार बन गया जिसने शिक्षा के साथ सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों को भी मजबूत किया।

# भीषण गर्मी से बचाव के लिए प्रशासन अलर्ट नागरिकों को जारी किए गए दिशा निर्देश

डिंडौरी ।




कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों को लू और तापघात से बचाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं।मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि तेज धूप में लंबे समय तक रहने से शरीर में पानी की कमी और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन हो जाता है जिससे तापघात की स्थिति बन सकती है जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है।स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे गर्मी के दौरान स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए प्यास न लगने पर भी पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। धूप में बाहर निकलते समय हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें और सिर को टोपी या छाते से ढंककर रखें। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के लिए विश्वसनीय माध्यमों का उपयोग करते रहें।दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच धूप में बाहर निकलने से बचने की सलाह दी गई है क्योंकि इस समय लू लगने की संभावना अधिक रहती है। चाय कॉफी और मदिरा जैसे पेय पदार्थों का अधिक सेवन न करें क्योंकि ये शरीर में पानी की कमी बढ़ाते हैं। बासी भोजन के सेवन से बचें और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से परहेज करें। अधिक श्रम वाले कार्य करते समय समय समय पर पानी पीते रहें।यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार सिरदर्द चक्कर आना या जी मिचलाने जैसे लक्षण दिखाई दें तो तत्काल नजदीकी शासकीय चिकित्सालय में संपर्क कर प्राथमिक उपचार प्राप्त करें। स्वास्थ्य विभाग ने सभी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी गर्मी जनित बीमारियों के उपचार के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित



डिंडौरी। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल संचय को बढ़ावा देने और वर्षा जल के अधिकतम संरक्षण के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गांव गांव में कंटूर ट्रेंच जल संरचनाएं और अन्य नवीन तकनीकों का उपयोग कर बरसात के पानी को अधिक से अधिक रोका जाए ताकि भूजल स्तर बना रहे। उन्होंने अधिकारियों को जल संरक्षण कार्यों में जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।बैठक में जल संचय पोर्टल पर किए जा रहे कार्यों की नियमित फोटो अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए जिससे कार्यों की सतत मॉनिटरिंग हो सके।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरी एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा संयुक्त कलेक्टर भारती मेरावी एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन सीईओ समनापुर पंकज जैन सहित सभी जनपद पंचायतों के सीईओ आरईएस यंत्री ललित कुमार कशिश नायक एनआरएलएम प्रबंधक अर्पणा पांडे जेठू पट्टा प्रदीप झा प्रवीण गुप्ता तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उप निरीक्षक पर हमला, सर्विस रिवॉल्वर लूटकर फरार हुए तस्कर

# बकरी तस्करों पर कार्यवाही बनी जानलेवा

अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ पुलिस अनुभाग में बकरी तस्करों को पकड़ने की कार्यवाही उस वक्त हिंसक हो गई जब सरई चौकी प्रभारी उप निरीक्षक मंगला दुबे पर प्राणघातक हमला कर दिया गया। हमलावर न केवल उन्हें घायल कर भाग निकले, बल्कि उनका सर्विस रिवॉल्वर भी छीन ले गए। इस घटना में एक हवलदार भी घायल हुआ है।

हरिभूमि न्यज अनूपपुर।



जिले के पुष्पराजगढ़ अनुभाग के थाना करनपठार अंतर्गत सरई पुलिस चौकी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाली गंभीर घटना सामने आई है। बकरी तस्करों के खिलाफ कार्यवाही के दौरान चौकी प्रभारी उप निरीक्षक मंगला दुबे पर हमला कर दिया गया है। यह पूरी घटना बकरी चोरी करने वाले गिरोह का पीछा करते समय तस्करो ने अचानक हमला कर उन्हें घायल कर दिया और मौके से उनका सर्विस रिवॉल्वर भी लेकर फरार हो गए है। इस दौरान एक हवलदार भी घायल हुआ है। घटना के बाद पूरे जिले में अलर्ट जारी कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। मंगला दुबे अपनी तेज-तर्रार कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं और पूर्व में भी कई चर्चित मामलों में उनकी भूमिका रही है। इस घटना ने पुलिस महकमे में सुरक्षा और अपराधियों के बढ़ते दुस्साहस को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### कार्यवाही के दौरान अचानक हमला

जानकारी के अनुसार, सरई चौकी पुलिस टीम बकरी तस्करों के खिलाफ कार्यवाही कर रही थी, तभी आरोपियों ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में उप निरीक्षक मंगला दुबे को निशाना बनाया गया और उन्हें सर में गंभीर चोटें आईं है। साथ ही एक हवलदार भी हमले में घायल हो गया है। पुलिस को संभलने का मौका भी नहीं मिला और हमलावर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। यह घटना दर्शाती है कि अपराधियों के हौसले किस कदर बुलंद हो चुके हैं।

### सर्विस रिवॉल्वर लूटकर फरार

हमलावरों का दुस्साहस यहीं नहीं रुका, बल्कि उन्होंने उप निरीक्षक का सर्विस रिवॉल्वर भी छीन लिया और उसे लेकर भाग निकले है। पुलिस के हथियार का इस तरह लूट लिया जाना बेहद गंभीर मामला माना जा रहा है। इससे न केवल पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि आम जनता की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। पुलिस अब इस हथियार की बरामदगी को प्राथमिकता मानते हुए सघन तलाशी अभियान चला रही है।

### जिलेभर में हाई अलर्ट, तलाश तेज

घटना के बाद पुलिस अधीक्षक ने तुरंत सभी थानों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में नाकेबंदी कर संदिग्धों की जांच की जा रही है। पुलिस की कई टीमें आरोपियों की तलाश में जुट गई हैं और आसपास के जंगल व संभावित ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना के बाद पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है।

### तेज-तर्रार छवि वाले अधिकारी पर हमला

मंगला दुबे अपनी सख्त और तेज-तर्रार कार्यप्रणाली के लिए जाने जाते हैं। पूर्व में राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र में एक मामले को लेकर उनका नाम चर्चा में आया था, जिसमें एक वकील के साथ धक्का-मुक्की का वीडियो वायरल हुआ था और उन्हें निलंबित भी किया गया था। हालांकि, उनकी जांच-पड़ताल की क्षमता और कार्यशैली की सराहना भी होती रही है। ऐसे अधिकारी पर हमला होना पुलिस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है और इससे विभाग में आक्रोश का माहौल है।

## खबर संक्षेप

### ऋण ना चुकाने पर सजा



**नरसिंहपुर।** गत दिवस न्यायालय चतुर्थ श्रेणी जिला न्यायाधीश रामकुमार डांगी के न्यायालय द्वारा ऋण ना चुकाने पर सजा सुनाई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रकरण क्रमांक ईएक्सएबी/ 67/ 2024 श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड बनाम संतोष कुमार द्विवेदी पिता गजानन प्रसाद द्विवेदी, निवासी पाठक वार्ड, पाली मोहल्ला, जिला-नरसिंहपुर को वाहन ऋण रुपये 436765/- ना चुका पाने के मामले में एक माह के साधारण कारावास से दंडित कर जेल भेजा। परिवादी श्रीराम फाइनेंस की ओर से अधिवक्ता राजकुमार प्रजापति ने ब्रांच मैनेजर योगेन्द्र दास बैरागी, कलेक्शन मैनेजर दीपक गुहेरिया एवं रिटेनर रीतेश मौर्य की उपस्थिति में पैरवी की गई।

### बिजली आफिस पहुंचे आक्रोशित किसान



**नरसिंहपुर।** मंगलवार को चिनकी क्षेत्र से बड़ी संख्या मे किसान एकत्र होकर बिजली आफिस पहुंचे और अपनी मांग रखी किसानों द्वारा बताया गया कि ओवर लोडिंग एवं कटौती से परेशानी उत्पन्न हो रही है। आक्रोशित किसान बिजली आफिस पहुंचे। किसानों की समस्या को लेकर जेई ने समस्या का हल कराने का आश्वासन दिया गया।

### पेड़ गिरने से यातायात बाधित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस करेली से गाडरवारा जाने वाले मार्ग पर विशालकाय इमली का पेड़ हवा के कारण टूट कर रोड पर गिर गया जिस कारण से यातायात घंटो बाधित रहा। प्रशासन द्वारा मौके पर पहुंचकर पेड़ को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। वही यात्रियों के लिए विकल्पिक मार्ग बनाया गया है।

### एस पी के नाम दिया आवेदन, अवैध शराब बिक्री के लिए दबाव



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी क्षेत्र के ग्राम रीछा निवासी महेश कुमार साहू ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष एक आवेदन प्रस्तुत कर गंभीर आरोप लगाए हैं। आवेदन मे बताया गया कि सूरवारी शराब दुकान के पार्टनर दीपक पटैल द्वारा उनके पुत्र धर्मेन्द्र साहू पर ठेके की शराब गांव में अवैध रूप से बेचने का दबाव बनाया जा रहा था। आवेदक के अनुसार, जब उनके पुत्र ने इस अवैध कार्य को करने से इंकार किया, तो संबंधित ठेकेदार ने थाना ठेमी पुलिस के साथ मिलकर उसे झूठे मामले में फंसाने की साजिश रच दी। महेश साहू ने आरोप लगाया कि उनके पुत्र को घर से बुलाकर बिना ठोस आधार के 34(2) का आरोपी बनाकर जेल भेज दिया है। जिससे पूरे परिवार में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है। इस मामले को लेकर महेश कुमार साहू ने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो उनके पुत्र के साथ अन्याय है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग की है। फिलहाल पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन पहुंचने के बाद मामले की जांच की संभावना जताई जा रही है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस शिकायत पर क्या कदम उठाता है या फिर ठेमी पुलिस व शराब ठेकेदार की मनमानी जारी रहेगी।

### विद्याभारती क्षेत्रीय शिशु वाटिका मार्गदर्शक का तीन दिवसीय प्रवास

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में शिशु वाटिका क्षेत्रीय मार्गदर्शक प्रभात सिंह का तीन दिवसीय प्रवास पर आगमन 16 से 18 अप्रैल तक हुआ जिसमें आपके द्वारा मई माह में सरस्वती शिक्षा परिषद प्रांतीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग को सुयोग्य ढंग से संपादित किए जाने के विषय में शिशु वाटिका के 12 आयामों में कार्यशाला का आयोजन किया गया इस अवसर पर व्यवस्थापक धर्मेन्द्र सिंह ममार ने सौजन्य भेंट की शिशु वाटिका प्रांतीय वर्ग संसाधन पर चर्चा की गई। मई माह में आयोजित होने वाले प्रांतीय वर्ग से संबंधित दिशा निर्देश संस्था प्राचार्य आनंद मोहन कुर्मी, प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर,राजेन्द्र पटैल द्वारा दिए गए शिशु वाटिका प्रमुख श्रीमती पार्वती मिश्रा व सहायक श्रीमती ने आचार्यो की कार्यशाला के माध्यम से शिशु वाटिका उद्यान तथा 12 आयामों चित्र पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला, वस्तु संग्रहालय, चकलाशाला, बगीचा, रंगमंच, तरणताल, क्रीड़ागन, प्रदर्शनी से संबंधित विषय में मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### एक दिवस अल्पविराम कार्यक्रम सम्पन्न

# आत्मचिंतन, कृतज्ञता व आनंद का हुआ अनुभव







**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान के तत्वाधान में सांदीपनि विद्यालय में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने के लिए किया गया। कार्यक्रम में जिला संपर्क एवं मास्टर ट्रेनर विप्रा मोदी, मास्टर ट्रेनर मुक्ति राय एवं मास्टर ट्रेनर यमुना विश्वकर्मा आनंद विभाग की ओर से उपस्थित रहीं। प्रारंभ में प्रतिभागियों को अल्पविराम कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य से परिचित कराया गया। प्रथम सत्र में श्रीमती विश्वकर्मा द्वारा परिचय सत्र अत्यंत रोचक एवं भावनात्मक रूप से संचालित किया गया। उन्होंने बताया कि जब हम अपने बचपन की स्मृतियों में जाते हैं, तो हम अपनी अंतरात्मा की शुद्ध और निष्कलंक अवस्था को अनुभव करते हैं। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने अपने बचपन के नाम साझा किए, जिससे वातावरण आनंदमय हो गया और सभी के चेहरे खिल उठे।

#### वक्ताओं ने रखे प्रेरक विचार

कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों तथा जनसामन्य को आनंद विभाग की गतिविधियों को जानकरी दी गई तथा सभी प्रतिभागियों में उत्सुकता बढ़ी और उन्होंने भविष्य में भी सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। द्वितीय सत्र में मास्टर ट्रेनर विप्रा मोदी ने आनंद की ओर विषय पर अपने प्रेरणादायक विचार रखते हुए कहा कि वास्तविक आनंद बाहरी भौतिक वस्तुओं में नहीं, बल्कि हमारे भीतर ही निहित है। उन्होंने बताया कि सुविधा, संबंध और समझ के संतुलन से हम जीवन को आनंदमय बना सकते हैं तथा प्रत्येक क्षण को सकारात्मकता के साथ जी सकते हैं। रिश्ते के सत्र में सुश्री विप्राजी ने बताया कि रिश्ते हमें सहारा देते हैं, हमें समझते हैं और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। परिवार के सदस्य हमें निस्वार्थ प्रेम देते हैं, मित्र हमारे सुख-दुख के साथी बनते हैं और गुरु हमें सही मार्ग दिखाते हैं। ये सभी रिश्ते मिलकर हमारे व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं।

#### प्रत्येक जीव के प्रति रखे दया का भाव

कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर मुक्ति राय ने जीवन का लेखा-जोखा विषय पर सत्र का संचालन किया। इस सत्र में उन्होंने समझाया कि हमें अपने जीवन के प्रत्येक भाव का लेखा-जोखा तैयार करना चाहिए प्रत्येक जीव के प्रति दया का भाव रखने की बात कही ताकि जब हम अपनी जीवन रूपी बैलेंस शीट को देखें तो हमें प्रसन्नता का अनुभव हो। उन्होंने कहा कि हमें यह देखना चाहिए कि हमने अपने जीवन में कितने लोगों की निस्वार्थ भाव से मदद की है, और जिन लोगों से हमें या जिन्हें हमने कष्ट दिया है, उनके प्रति क्षमा और माफी का भाव रखते हुए मन को हल्का करना चाहिए। साथ ही जिन लोगों ने हमारी सहायता की है, उनके प्रति कृतज्ञता का भाव ही हमारी वास्तविक संपत्ति है। यही सच्चा आनंद प्रदान करता है।पूरे कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों में गहरी सहभागिता और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम ने उन्हें आत्मचिंतन, आत्मविकास और सकारात्मक जीवन दृष्टि की ओर प्रेरित किया।

#### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा ने सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन शिक्षकों के मानसिक एवं भावनात्मक सशक्तिकरण में अत्यंत सहायक हैं और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम संस्था में आयोजित किए जाएंगे।अंत में आनंद विभाग की ओर से मुक्ति राय द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस प्रकार अल्पविराम कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी प्रतिभागियों के लिए एक यादगार एवं प्रेरणादायक अनुभव बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा, योगेश गुप्ता, सुशील दीक्षित, माधुरी गर्ग, मनोज वैष्णव, देवेश वैद्य, दुर्गा प्रसाद धुर्वे, आशीष पटेल ,सीमा चैकसे, चंद्रिका दुबे, सहित अन्य शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

## सिंहपुर प्रीमियर लीग का शुभारंभ आज से

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



सिंहपुर स्पोर्ट्स क्लब, सिंहपुर के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता सिंहपुर प्रीमियर लीग का आयोजन 22 अप्रैल से किया जा रहा है। सफेद रोशनी में आयोजित होने वाली इस लोकप्रिय प्रतियोगिता का यह चतुर्थ संस्करण है, जिसे लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में विजेता टीम को 31,000- रूपये नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी, जबकि उपविजेता टीम को 15,001- रूपये नगद एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 10,001- रूपये नगद एवं ट्रॉफी दी जाएगी। विशेष बात यह है कि इस वर्ष प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों में से किसी एक उभरती हुई टीम को प्रोत्साहन स्वरूप 7,501- रूपये की राशि एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाएगा। सिंहपुर प्रीमियर लीग न केवल ग्राम एवं क्षेत्र के दर्शकों के लिए मनोरंजन और रोमांच का केंद्र रही है, बल्कि यह प्रतियोगिता जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाली क्रिकेट प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच भी प्रदान करती रही है। आयोजन समिति एवं सिंहपुर स्पोर्ट्स क्लब द्वारा ग्राम एवं क्षेत्र के समस्त खेल प्रेमी दर्शकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और इस आयोजन को सफल बनाएं।

### ट्रेन से गिरकर युवक घायल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से गिर कर युवक घायल हो गया। जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया। पुलिस ने प्राप्त जानकारी के अनुसार पप्पू पिता बी एम यादव उम्र 21 वर्ष निवासी बिहार ट्रेन हैदराबाद से बिहार जा रहा था तभी नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन के पास नीद का झोका आने के कारण ट्रैक पर गिर गया और घायल हो गया। जिससका उपचार जिला चिकित्सालय मे जारी है।

## आधुनिक तकनीक और स्वरोजगार का शंखनाद कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



गत दिवस एम.आई.एम.टी. कॉलेज और एमडिल इनोवेशन एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में 21 अप्रैल विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस के अवसर पर नवाचार एवं सृजन उत्सव 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एम.आई.एम.टी. लॉ कॉलेज के डायरेक्टर रचित तिवारी, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग, एडमिल इनोवेशन एकेडमी के डायरेक्टर इंजी. सुनील पटेल, मोटिवेटर सलिल गुप्ता तथा नेतराम पटेल की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में रचित तिवारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए रचनात्मकता एवं नवाचार के क्षेत्र में भविष्य निर्माण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने तकनीक और कानून के समन्वय पर जोर देते हुए बताया कि वर्तमान दौर में केवल किताबी ज्ञान प्र्याप्त नहीं है बल्कि छात्रों को नवाचार और आधुनिक कौशल अपनाने की महती आवश्यकता है। कार्यक्रम में क्रिएटिव केरियर स्किल्स इंटर्नशिप प्रोग्राम और फ्यूचर टेक ट्रेनर डेवलपमेंट प्रोग्राम को लांच किया गया जिसका उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में एमडिल इनोवेशन के सह संस्थापक सुनील पटेल द्वारा लिखित पुस्तक 'व्हाय नॉट फ्रेषर' का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नेतराम पटेल द्वारा इनोवेशन एण्ड क्रियेटर लैब रील चैलेंज के विजेताओं को सम्मानित किया गया साथ ही एआईएम चैम्पियनशिप के माध्यम से छात्रों की रचनात्मकता को मंच प्रदान किया गया। नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए गुरुकुल ज्ञान मंदिर के संचालक को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त ट्रवल व्लागर मोटिवेटर सलिल गुप्ता ने 21 वीं सदी के कंटेन्ट क्रियेटर एवं केरियर कौषल पर विस्तार से व्याख्यान दिया उन्होने ट्रवल ब्लॉगिंग, कंटेंट क्रिएशन और डिजिटल क्रिएशन जैसे क्षेत्रों में भविष्य की अपार संभावनाओं के बारे में छात्रों का मार्गदर्शन किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन से किया गया। प्राचार्य डॉ. गर्ग ने अतिथियों का स्वागत करते हुए एमडिल इनोवेशन एकेडमी और एम.आई.एम.टी. कॉलेज के साझा प्रयास को प्रदेश के प्रमुख इनोवेशन हब के रूप स्थापित करने की बात पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्वा पाठक एवं आभार श्रीमती आराधना दुबे द्वारा किया गया। राष्ट्रगान और उज्जवल भविष्य की शपथ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## मंदिर की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस श्री देव नारायण मंदिर ट्रस्ट झिरना की भूमि को अतिक्रमण के मुक्त कराने के लिए जागरूक नागरिकों द्वारा कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे उल्लेख किया गया है कि श्री देव नारायण मंदिर ट्रस्ट झिरना की भूमि नेहरू वार्ड मे स्थित है एवं मंदिर ट्रस्ट की भी कई जगह खाली पड़ी हुई है जिस पर लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है वही मंदिर मे आय ना होने के कारण मंदिर जीर्ण शीर्ण होता जा रहा है। ज्ञापन मे यह भी बताया गया है कि श्री देव नारायण मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्यों को स्वर्गवास हो चुका है। वर्तमान मे कोई ट्रस्टी नही बचा है तथा नया ट्रस्ट बना कर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए तथा भूमि को नीलामी के माध्यम से दिया जावे जिससे होने वाली आए से मंदिर का जीर्णोद्धार हो सके। उक्त अवसर पर श्रीकांत सोनकिया, रघुराज कौरव, शरद शर्मा, संदीप गुप्ता, शुभम दुबे, अरुण अहिरवार, शशांक रघुवंशी, शिवम्‌ साहू , वैभव सरावगी, नवीन पांडे आदि मौजूद रहे।

### रौनक सभ्य और पीहू का सुयश







**तेंदूखेड़ा** डोभी नगर के प्रतिष्ठित सिंघई परिवार के विकास जैन के सुपुत्र रौनक जैन ने केजी 2 में 97.87 और सभ्य जैन ने 99.7 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। तथा सिंघई देवेन्द्र जैन की सुपुत्री पीहू जैन ने 4th क्लास में 98.73 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण कर परिवार का नाम रोशन किया है।

## अवैधानिक गतिविधियों पर नहीं लग रहा विराम राजस्व की खुलेआम हो रही चोरी

**तेंदूखेड़ा**

इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में अवैधानिक गतिविधियों पर विराम ना लग पाना तेंदूखेड़ा क्षेत्र में जन चर्चा के विषय बनें हुए हैं। पुण्य सलिला मां नर्मदा का पावन तट ककरा घाट जहां रेत खदान ही नहीं है फिर भी वहीं से अवैधानिक तरीके से रेत उठाई जा रही है। और माइनिंग विभाग शांत होकर बैठा है।इसी तरह से तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत पहाड़ियों को नियम विरुद्ध तरीके से लीज पर लेकर बैठे लोग लाखों रुपए की राजस्व चोरी कर रहें हैं। और प्रशासनिक अधिकारियों की आंखों में धूल झोंक रहे हैं।रहवासी क्षेत्र में मानवीय मूल्यों से खिलवाड़ जैसी गतिविधियों को नियम विरुद्ध तरीके से खुले आम संचालित किया जा रहा है। और इस दिशा में कोई उचित दंडात्मक कार्रवाई नहीं हो रही है।यदि कोई शिकवा शिकायतें की जाती है तो उन्हें दबाकर शांत करा दिया जाता है और अधिकारियों से सांठगांठ कर ली जाती है।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य मशाल एवं रथ यात्रा



**गोटेगांव:**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) गोटेगांव नगर इकाई द्वारा 20 अप्रैल 2026 को वंदे मातरम के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य मशाल यात्रा एवं रथ यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन पूरे नगर में राष्ट्रभक्ति का केंद्र बन गया।कार्यक्रम में गोटेगांव के विधायक महेंद्र नागेश, समाजसेवी इंजीनियर सरदार सिंह पटेल, विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री सुव्रत जैन, जिला संगठन मंत्री प्रिंस तिवारी एवं नगर मंत्री अमन साहू सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।यात्रा ठाकुर बाबा मंदिर से प्रारंभ होकर राम मंदिर तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, युवा एवं नगरवासी शामिल हुए। जगह-जगह स्वागत, पुष्पवर्षा और "वंदे मातरम" के नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया।कार्यक्रम का समापन राम मंदिर में भारत माता की सामूहिक आरती के साथ हुआ। अंत में "अखंड भारत की जय" के नारों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## राशन दुकानों में कालाबाजारी, दलालों का बोलबाला

**गोटेगांव**



नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर इन दिनों भारी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। राशन वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और दलालों की सक्रियता से उपभोक्ता परेशान हैं।राशनधारियों का आरोप है कि दुकानों के बाहर दलाल सक्रिय रहते हैं, जो गरीब लोगों से सस्ते दामों पर राशन खरीदकर बाजार में ऊंचे दामों पर बेच देते हैं। आर्थिक मजबूरी के चलते कई जरूरतमंद लोग अपना राशन बेचने को मजबूर हो जाते हैं।कुछ उपभोक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ केंद्रों पर अधिकारी और तौलकर्ता (तुलैया) भी इस कालाबाजारी में शामिल हैं। वे राशनधारियों से पर्ची लेकर सीधे पैसे देकर राशन खुद खरीद लेते हैं और बाद में इसे बाजार में बेचते हैं।यह स्थिति सरकारी योजनाओं की मंशा पर सवाल खड़ा कर रही है। सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि—राशन दुकानों की सख्त निगरानी की जाएदलालों पर कार्रवाई होदोषी अधिकारियों की जांच कर कड़ी सजा दी जाएजरूरतमंदों के लिए वैकल्पिक आर्थिक सहायता योजनाएं शुरू की जाएं